2023

ELECTIVE HINDI

Full Marks : 100

Pass Marks : 33

Time : Three hours

साधारण निर्देश :

(i) इस प्रश्न-पत्र के छः खण्ड हैं : क, ख, ग, घ, ङ, च ।

(ii) प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है ।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक प्रश्न के सामने दिए गए हैं ।

(iv) उत्तर देते समय प्रश्न-पत्र में दी गई प्रश्न-संख्या तथा निर्देशों का ध्यान रखिए ।

खण्ड — 'क'

(पद्य – 8+12=20 अंक)

1. नीचे लिखे पद्यांश की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 6

(क) और सचमुच इन्हें जब-जब देखता हूँ
यह खुला वीरान संसृति का घना हो सिमट आता है -
और मैं एकान्त होता हूँ ।

अथवा

(ख) इस आकाश में विलीन हो जाता हूँ मैं ;
यह आकाश आकर विलीन हो जाता है मुझमें ;
अलग हुए दो
हो जाते हैं एक
हो जाते हैं ।

निर्देश : प्रश्न-संख्या **2** का उत्तर लगभग **50** शब्दों में, प्रश्न-संख्या **3** का उत्तर लगभग **40** शब्दों में, प्रश्न-संख्या **4** और **5** के उत्तर लगभग **30–30** शब्दों में, प्रश्न-संख्या **6** और **7** के उत्तर एक-एक वाक्य में तथा प्रश्न-संख्या **8** का उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

2. रहिमन जिह्वा बावरी, कहिगी सरग पताल ।
आपु तो कहि भीतर रही, जूती खात कपाल ।।
— रहीम के उपर्युक्त दोहे का अर्थ स्पष्ट कीजिए । 4

3. 'काश्मीर' कविता का भावार्थ लिखिए । 3

4. कौन विष-पुरुष हो गए हैं और क्यों ? 2

5. सुमिर सनेह सों तू नाम रामराय को।
संबल निसंबल को, सखा असहाय को ।।
— तुलसीदास के उपर्युक्त पद का अर्थ स्पष्ट कीजिए । 2

6. रहीम के अनुसार मनुष्य कब दीनबन्धु के समान हो सकता है ? 1

7. सुदामा कौन था ? 1

8. 'लुहार से' कविता का रचयिता कौन है ? 1

(क) केदारनाथ अग्रवाल (ख) गोपाल कृष्ण अडिग

(ग) भवानीप्रसाद मिश्र (घ) अज्ञेय

खण्ड — ख

(गद्य – 25 अंक)

9. नीचे लिखे गद्यांश का सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 6

(क) जिस संघर्ष के लिए हमने अपने को दिया है, उसके बीच यह आपसी सुख उठा लेना भी चोरी करने जैसा हो जाता है । लगता है हमें यह हक नहीं है ।

अथवा

(ख) आज हम यहीं संकल्प लें कि स्त्री के प्रति हम अन्याय नहीं होने देंगे, जो शोषित है, पीड़ित है उसके प्रति हम कभी भी अन्याय नहीं होने देंगे ।

10. 'मानसरोवर के हंस' अथवा 'ठेले पर हिमालय' पाठ का सारांश लगभग **160** शब्दों में लिखिए । 8

निर्देश : प्रश्न-संख्या **11** का उत्तर लगभग **50** शब्दों में, प्रश्न-संख्या **12** का उत्तर लगभग **40** शब्दों में, प्रश्न-संख्या **13** का उत्तर लगभग **30** शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या **14** और **15** के उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।

11. 'मैतैलोन' पाठ के आधार पर लेखक के मातृभाषा-प्रेम को स्पष्ट कीजिए । 4

12. 'पहले वीरता का दम्भ और अन्त में करुणा की भीख ! कायरों का यही नियम है ।'
— उपर्युक्त कथन किसने, किससे, किस प्रसंग में कहा है ? स्पष्ट कीजिए । 3

13. सावनी प्रसून क्या है ? उसको झड़ते देखकर कौन कैसा विलाप करता है ? 2

14. 'सलामी फौज' में कितने सिपाही थे? 1

(क) पचास (ख) एक सौ

(ग) डेढ़ सौ (घ) दो सौ

15. 'महाभारत की एक सांझ' एकांकी का रचयिता कौन है ? 1

(क) धर्मवीर भारती (ख) कमलेश्वर

(ग) ख्वाइराकपम चाभोबा सिंह (घ) भारतभूषण अग्रवाल

खण्ड — 'ग'

(पूरक पाठ्य पुस्तक – 15 अंक)

निर्देश : प्रश्न-संख्या **16** का उत्तर लगभग **50** शब्दों में, प्रश्न-संख्या **17** का उत्तर लगभग **40** शब्दों में, प्रश्न-संख्या **18** और **19** के उत्तर लगभग **30 – 30** शब्दों में, प्रश्न-संख्या **20, 21** और **22** के उत्तर एक-एक वाक्य में तथा प्रश्न-संख्या **23** का उत्तर नीचे दिए गए संकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

16. गांधीजी को 'जीती-जागती शक्ति' क्यों कहा गया है ? 4

17. सांस्कृतिक एकता का महत्व क्या है ? स्पष्ट कीजिए । 3

18. गांधीजी के आदेश से लेखिका द्वारा किए गए कार्य का क्या परिणाम हुआ ? 2

19. मणिपुरी संस्कृति के बाह्य पक्ष में क्या-क्या होते हैं ? 2

20. लेखिका की दृष्टि में गांधीजी की महानता का मुख्य कारण क्या था ? 1

21. किसके डर से माली ने सोना को रस्सी से बाँध रखा ? 1

22. लेखिका ने अपने बचपन में बापू को किस रूप में अधिक देखा था ? 1

23. लेखिका की बिल्ली का नाम क्या है ? 1

(क) फ्लोरा (ख) हेमंत

(ग) सोना (घ) गोधूली

खण्ड — घ

(वाचन – 10 अंक)

निर्देश : प्रश्न-संख्या **24** का उत्तर लगभग **40** शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या **25** का उत्तर लगभग **30** शब्दों में लिखिए।

24. टिप्पण किसे कहते हैं ? टिप्पण-लेखन में क्या-क्याा लिखना आवश्यक होता है ? स्पष्ट कीजिए । 1+2=3

25. 'टिप्पण-लेखन निश्चित रूप से एक कला है ।'

– उपर्युक्त कथन को स्पष्ट कीजिए । 2

26. 'General Manager' को हिन्दी में क्या कहते हैं ? 1

27. 'Viva Voce' को हिन्दी में क्या कहते हैं ? 1

28. 'Scale of Pay' को हिन्दी में क्या कहते हैं ? 1

29. 'Pilot' को हिन्दी में क्या कहते हैं ? 1

30. 'Terminology' को हिन्दी में क्या कहते हैं ? 1

खण्ड — ङ

(लेखन – 15 अंक)

31. मान लीजिए कि आप एक हाई स्कूल के पी.ई.टी. हैं । आपके स्कूल में मनाए जा रहे वार्षिक खेल-दिवस के समारोह में आपको (क) 'जीवन में खेल-कूद का महत्व' अथवा (ख) 'विद्यार्थी जीवन और खेल-कूद' विषय पर भाषण देना है । इस सम्बन्ध में आप लगभग **160** शब्दों में एक भाषण लिखिए । 8

32. मान लीजिए कि आप एक समाचार-पत्र के सम्पादक हैं । आप अपने समाचार-पत्र में छपवाने हेतु (क) 'मोबाइल फोन के लाभ तथा हानियाँ' अथवा (ख) 'पुस्तकालय का महत्व' विषय पर लगभग **150** शब्दों में एक सम्पादकीय लेख लिखिए। 7

खण्ड — 'च'

(व्याकरण – 15 अंक)

निर्देश : प्रश्न-संख्या **33** का उत्तर लगभग **40** शब्दों में, प्रश्न-संख्या **34, 35** और **36** के उत्तर लगभग **30 – 30** शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या **37** से **42** तक के उत्तर एक-एक वाक्य या शब्द या शब्दसमूह में लिखिए ।

33. उपवाक्य किसे कहते हैं और कितने प्रकार के होते हैं ? सोदाहरण लिखिए । 1+2=3

34. पदबन्ध और उपवाक्य का अन्तर सोदाहरण स्पष्ट कीजिए । 2

35. सर्वनाम पदबन्ध किसे कहते हैं ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए । 2

36. मुहावरा किसे कहते हैं ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए । 2

37. 'राजकुमार' और 'युवराज' – इन दो समानार्थक शब्दों के अर्थ स्पष्ट कीजिए । 1

38. वाक्य शुद्ध कीजिए – किसान ने बैलों के कन्धों पर जुआ रखा । 1

39. वाक्य शुद्ध कीजिए – दस स्त्रियाँ और पाँच बालकों को भोजन दो । 1

40. 'नौ दो ग्यारह होना' मुहावरे का अर्थ लिखिए । 1

41. 'एक हाथ से ताली नहीं बजती' लोकोक्ति का अर्थ लिखिए । 1

42. 'दाल-भात में मूसल चन्द' लोकोक्ति का अर्थ लिखिए । 1